Hindi & English

हैन्सेल और ग्रेटल

Hansel and Gretel

READ LEA Bilingual

+HI
E
GRIMM

HOUSTON PUBLIC LIBRARY
R01183 21407

Jago

हैन्सेल और ग्रेटल

Hansel and Gretel

Retold by Manju Gregory
Illustrated by Jago

Hindi translation by Awadhesh Misra

Mantra

एक समय की बात है, बहुत पहले, एक गरीब लकड़हारा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। लड़के का नाम हैन्सेल और उसकी बहन का नाम ग्रेटल था। उस समय वहाँ एक बहुत बड़ा अकाल पड़ा था।
एक शाम पिता अपनी पत्नी से निराश हो बोले, "हम सब के खाने लायक बहुत कम रोटी बची है।"
"मेरी सुनो," उसकी पत्नी बोली, "हम बच्चों को जंगल में ले जायेंगे और उन्हे वहीं छोड़ आयेंगे। वे अपनी देखरेख अपने आप कर लेंगे।"
"पर उन्हे जंगली जानवर चीर फाड़ कर रख देंगें!" वह रोते हुए बोला।
"क्या तुम हम सब को मारना चाहते हो?" वह बोली। और उस आदमी की पत्नी तब तक बहस करती रही, जब तक वह मान न गया।

Once upon a time, long ago, there lived a poor woodcutter with his wife and two children. The boy's name was Hansel and his sister's, Gretel. At this time a great and terrible famine had spread throughout the land. One evening the father turned to his wife and sighed, "There is scarcely enough bread to feed us."
"Listen to me," said his wife. "We will take the children into the wood and leave them there. They can take care of themselves."
"But they could be torn apart by wild beasts!" he cried.
"Do you want us all to die?" she said. And the man's wife went on and on and on, until he agreed.

दोनो बच्चे जागे हुए लेटे थे, बेचैन और भूख से कमजोर।
उन्होंनें सब सुन लिया था, और ग्रेटल जोर से रोने लगी।
"घबराओ मत," हैन्सेल ने कहा, "मैं सोचता हूँ मुझे अपने आप को बचाने का तरीका मालूम है।"
वह दबेपांव बाग में गया। चाँद की रोशनी में, रास्ते के चमकते सफेद छोटे पत्थर चाँदी के सिक्कों के समान चमक रहे थे। हैन्सेल ने अपनी जेब में छोटे पत्थर भरे और अपनी बहन को ढाढस देने वापस चला गया।

The two children lay awake, restless and weak with hunger.
They had heard every word, and Gretel wept bitter tears.
"Don't worry," said Hansel, "I think I know how we can save ourselves."
He tiptoed out into the garden. Under the light of the moon, bright white pebbles shone like silver coins on the pathway. Hansel filled his pockets with pebbles and returned to comfort his sister.

तड़के अगली सुबह, सूर्योदय के भी पहले, माँ ने हैन्सेल और ग्रेटल को हिला कर जगाया।
"चलो उठो, हम जंगल जा रहे हैं। तुम दोनों के लिए एक एक रोटी है, पर इसे एक ही बार में मत खा जाना।"
वे सब एक साथ चल पड़े। हैन्सल रास्ते भर रुक रुक कर वापस अपने घर को देखता रहा।
"तुम क्या कर रहे हो?" उसके पिता चिल्लाए।
"मैं तो छत पर बैठी अपनी छोटी सफेद बिल्ली को हाथ हिला विदाई ले रहा हूँ।"
"बकवास!" उसकी माँ ने जवाब दिया। "सच बोलो। वह तो चिमनी के पॉट पर सुबह का चमकता हुआ सूरज है।"
हैन्सल चुपके से रास्ते भर सफेद छोटे पत्थर गिराता हुआ आया।

Early next morning, even before sunrise, the mother shook Hansel and Gretel awake.
"Get up, we are going into the wood. Here's a piece of bread for each of you, but don't eat it all at once."
They all set off together. Hansel stopped every now and then and looked back towards his home.
"What are you doing?" shouted his father.
"Only waving goodbye to my little white cat who sits on the roof."
"Rubbish!" replied his mother. "Speak the truth. That is the morning sun shining on the chimney pot."
Secretly Hansel was dropping white pebbles along the pathway.



घने जंगल की गहराई में जाने पर माँ बाप ने बच्चों को आग जलाने में मदद किया।
"तेज जलती लपटों के पास सो जाओ," उनकी माँ ने कहा।
"और जब तक हम तुम्हे लेने न आयें हमारा इन्तजार करो।"
हैन्सेल और ग्रेटल आग के पास बैठ अपनी रोटी के छोटे टुकड़ों को खाने लगे।
जल्द ही वे सो गये।

They reached the deep depths of the wood where the parents helped the children to build a fire.
"Sleep here as the flames burn bright," said their mother. "And make sure you wait until we come to fetch you."
Hansel and Gretel sat by the fire and ate their little pieces of bread.
Soon they fell asleep.



जब वे उठे तो जंगल में घोर अंधेरा था।
ग्रेटल दुखी हो बोली, "अब हम घर कैसे जायेंगे?"
"पूरा चाँद निकलने तक इन्तजार करो," हैन्सेल ने कहा। "तब हमें चमकते छोटे पत्थर दिखेंगे।"
ग्रेटल ने अन्धेरे को चाँदनी में बदलते हुये देखा। उसने अपने भाई का हाथ पकड़ा और चमकते छोटे पत्थरों की रोशनी से अपनी राह पाते हुये, वे साथ साथ चलने लगे।

When they awoke the woods were pitch black.
Gretel cried miserably, "How will we get home?"
"Just wait until the full moon rises," said Hansel. "Then we will see the shiny pebbles."
Gretel watched the darkness turn to moonlight. She held her brother's hand and together they walked, finding their way by the light of the glittering pebbles.

सुबह के करीब वे लकड़हारे के घर पर पहुँचे।
जैसे ही उसने दरवाजा खोला, उसकी माँ चिल्लायी "तुम इतने देर जंगल में क्यों सोते रहे? मुझे लगा तुम कभी घर नहीं आओगे।"
वह गुस्से में थी, परन्तु उनके पिता खुश थे। वे उन्हे अकेले छोड़ना नही चाहते थे।

समय गुजरता गया। फिर भी पूरे परिवार के लिए पर्याप्त भोजन नहीं था।
एक रात हैन्सेल और ग्रेटल ने अपनी माँ को यह कहते सुना, "बच्चों को जाना ही होगा। हम उन्हे और अन्दर जंगल में ले जायेंगे। इस बार उनको रास्ता नही मिल पायेगा।"
हैन्सेल धीरे से अपने बिस्तर से उठ कर फिर छोटे पत्थर जमा करने गया परन्तु इस बार दरवाजे पर ताला लगा था।
"रोना बन्द करो," उसने ग्रेटल से कहा। "मैं कुछ और सोच लूंगा। चलो अब सो जाओ।"

Towards morning they reached the woodcutter's cottage.
As she opened the door their mother yelled, "Why have you slept so long in the woods? I thought you were never coming home."
She was furious, but their father was happy. He had hated leaving them all alone.

Time passed. Still there was not enough food to feed the family.
One night Hansel and Gretel overheard their mother saying, "The children m[illegible] We will take them further into the woods. This time they will not find th[illegible]
Hansel crept from his bed to collect pebbles again but this time the door [illegible]
"Don't cry," he told Gretel. "I will think of something. Go to sleep now."

अगले दिन, यात्रा के लिए रोटी के और छोटे टुकड़ों के साथ, बच्चों को जंगल की गहराई में एक ऐसी जगह ले जाया गया जहां वह पहले कभी नही गये थे। हैन्सल रास्ते भर रुक रुक कर रोटी का चूरा गिराता हुआ आया था।
उनके माँ बाप ने एक आग जलाई और उन्हे सोने के लिए कहा। "हम जंगल में लकड़ी काटने जा रहे हैं, जब काम हो जाऐगा तो हम तुम्हे आ कर ले लेंगे," उनकी माँ ने कहा।
ग्रेटल ने अपनी रोटी हैन्सल के साथ बांटकर खायी और वह दोनो इन्तजार करने लगे। परन्तु कोई नही आया।
"जब चाँद निकलेगा हमें रोटी के चूरे दिखायी पड़ेगें और घर का रास्ता मिल जाऐगा," हैन्सल ने कहा।
चाँद निकला परन्तु चूरे जा चुके थे। जंगल के जानवर और चिड़ियों ने सब खा लिया था।

The next day, with even smaller pieces of bread for their journey, the children were led to a place deep in the woods where they had never been before. Every now and then Hansel stopped and threw crumbs onto the ground.
Their parents lit a fire and told them to sleep. "We are going to cut wood, and will fetch you when the work is done," said their mother.
Gretel shared her bread with Hansel and they both waited and waited. But no one came.
"When the moon rises we'll see the crumbs of bread and find our way home," said Hansel.
The moon rose but the crumbs were gone.
The birds and animals of the wood had eaten every one.

"इस वीरानेपन से निकलने का अपना रास्ता हमे जल्द मिल जायेगा," हैन्सल ने कहा।
बच्चे तीन दिनों तक जंगल मे ढूंढ़ते रहे। भूखे और थके, केवल बेर खाकर अन्त में वे एक पेड़ के नीचे लेट कर सो गये।
एक चांदी जैसी सफेद चिड़िया के मधुर गीत सुनकर उनकी नींद खुली। जब वह चिड़िया जंगल में उड़ी बच्चों ने उसका पीछा किया, जबतक कि वह ऐसे अनोखे घर पर पहुंच गये जैसा उन्होंने पहले कभी नही देखा था।

"We will soon find our way out of this wilderness," said Hansel.
The children searched the woods for three days. Hungry and tired, feeding only on berries, at last they lay down under a tree to sleep.
They were awakened by the sweet song of a silver white bird. When the bird flew off into the forest the children followed, until they reached the most wonderful house they had ever seen.



The walls were tiled with strawberry tarts, the roof was made of chocolate hearts. Around the windows were caramel frames and the pathway was lined with candy canes. "Now we can eat!" said Hansel and he bit off a piece of the roof.

Suddenly, they heard a voice. "Jimney, Jimney, who's that nibbling at my chimney?"

"It's the wind, it blows right in," they answered, and went on eating.

All at once the door opened and a strange, shrivelled woman appeared. Beyond her tiny spectacles she had blood red eyes.

Hansel and Gretel were so frightened they dropped their sweets.

"What brought you here, my dears?" she said. "If it is hunger, then come and see what I have for you."

She took them by the hand and led them into her little house.

दीवारों पर स्ट्राबेरी टार्ट की टाईल लगी थी, छत चॉकलेट हार्ट से बनी थी। खिड़कियों के चारो ओर कैरामल के ढांचे थे और रास्ते पर कैन्डी के बेंत लगे थे।

"अब हम खा सकते हैं!" हैन्सल ने छत के एक टुकड़े को खाते हुए कहा।

अचानक उन्हे एक आवाज सुनाई पड़ी। "जिमनी, जिमनी, कौन मेरी चिमनी को खा रहा है?"

"यह हवा है, जो सीधे अन्दर आ रही है," उन्होने ने कहा, और खाते रहे।

अचानक दरवाजा खुला और एक अजीब, सिकुड़ी हुइ औरत दिखी। उसके छोटे चश्में के पीछे खूनी लाल आँखें थीं।

हैन्सल और ग्रेटल इतना डर गए कि उन से उन की मिठाई गिर गयी।

"मेरे प्रिय, तुम यहाँ क्यों आए हो?" वह बोली। "यदि भूखे हो, तो यहाँ आओ और देखो तुम्हारे लिए मेरे पास क्या है।"

वह उनका हाथ पकड़ कर ले चली और उनको अपने छोटे घर के भीतर ले गई।

हैन्सेल और ग्रेटल को सभी अच्छी चीजें खाने को दी गयीं! सेब और मेवे, दूध और शहद से ढके हुए पैनकेक।
उसके बाद वे सफेद चादर से ढके हुए दो छोटे बिस्तर पर लेटे और ऐसे सोए जैसे वे स्वर्ग में हों।
उनको घूर कर देखते हुए औरत ने कहा, "तुम दोनों कितने पतले हो। अभी के लिए तुम्हे सुखद सपने आएं, क्योंकि कल से तुम्हारे बुरे सपने शुरु होंगे!"
खा जाने लायक घर और कमजोर आंख वाली अजीब औरत ने केवल दोस्ती का [illegible] बनाया था। वास्तव में, वह एक बदमाश चुड़ैल थी!

Hansel and Gretel were given all good things to eat! Apples and nuts, milk, and pan[illegible]
in honey.
Afterwards they lay down in two little beds covered with white linen and slept [illegible]
were in heaven.
Peering closely at them, the woman said, "You're both so thin. Dream swe[illegible]
for tomorrow your nightmares will begin!"
The strange woman with an edible house and poor eyesight had only pre[illegible]
Really, she was a wicked witch!

सुबह उस बदमाश चुड़ैल ने हैन्सल को पकड़ लिया और उसे धकेल के पिंजड़े में बन्द कर दिया। फंस जाने और डर जाने से, वह सहायता के लिए चिल्लाने लगा। ग्रेटल दौड़ती हुई आयी। "तुम मेरे भाई के साथ क्या कर रही हो?" वह रोते हुए बोली।
चुड़ैल हंसी और अपनी खूनी लाल आँखे घुमाने लगी। "मैं उसे खाने के लिए तैयार कर रही हूँ," उसने जबाब दिया। "और तुम मेरी सहायता करोगी, छोटी बच्ची।"
ग्रेटल भयभीत हो गयी।
उसे चुड़ैल के रसोई में काम करने के लिए भेजा गया जहाँ उसने अपने भाई के लिए ढ़ेर सारा खाना बनाया।
लेकिन उसके भाई ने मोटा होने से इनकार किया।

In the morning the evil witch seized Hansel and shoved him into a cage. Trapped and terrified he screamed for help.
Gretel came running. "What are you doing to my brother?" she cried.
The witch laughed and rolled her blood red eyes.
"I'm getting him ready to eat," she replied. "And you're going to help me, young child."
Gretel was horrified.
She was sent to work in the witch's kitchen where she prepared great helpings of food for her brother.
But her brother refused to get fat.



चुड़ैल हेन्सल से मिलने रोज आती थी। "अपनी उँगली बाहर निकालो," वह बिगड़ी, "जिससे मैं महसूस कर सकूँ कि तुम कितने मोटे हो!"
हैन्सल ने अपनी पाकेट में रखी हुई इच्छा माँग वाली हडडी आगे बढ़ा दी।
चुड़ैल, जिसकी आँखें कमजोर थीं, यह समझ न सकी कि यह लड़का इतना दुबला क्यों हैं।
तीन सप्ताह के बाद उसकी सब्र जवाब दे गयी।
"ग्रेटल, जल्दी करो लकड़ी लाओ, उस लड़के को खाना बनाने वाले बर्तन में डालना है।" चुड़ैल ने कहा।

The witch visited Hansel every day. "Stick out your finger," she snapped. "So I can feel how plump you are!"
Hansel poked out a lucky wishbone he'd kept in his pocket.
The witch, who as you know had very poor eyesight, just couldn't understand why the boy stayed boney thin.
After three weeks she lost her patience.
"Gretel, fetch the wood and hurry up, we're going to get that boy in the cooking pot," said the witch.

ग्रेटल ने लकड़ी जलाने वाले चूल्हे में धीरे से आग जलायी।
चुड़ैल बेचैन हो उठी। "वह चूल्हा अब तक तैयार हो जाना चाहिये।
अन्दर जाओ और देखो यदि वह गरम हो गया है!" वह चीखी।
ग्रेटल को मालूम था कि चुड़ैल के दिमाग में क्या है। "मुझे नहीं
मालूम कैसे," उसने कहा।
"बेवकूफ, तुम बेवकूफ लड़की!" चुड़ैल गुस्से से चिल्लाई। "दरवाजा
इतना बड़ा है कि, मैं भी अन्दर आ सकती हूँ!"
यह दिखाने के लिए उसने अपना सर अन्दर डाला।
बिजली जैसी तेजी से, ग्रेटल नें बाकी चुड़ैल को जलते चूल्हे में
अन्दर ढकेल दिया। उसने लोहे के दरवाजे को बन्द किया और कुण्डी
लगा दी और हैन्सल की तरफ चिल्लाते हुए दौड़ी, "चुड़ैल मर गयी!
चुड़ैल मर गयी! बदमाश चुड़ैल का अन्त हो गया!"

Gretel slowly stoked the fire for the wood-burning oven.
The witch became impatient. "That oven should be ready by now. Get inside and see if it's hot enough!" she screamed.
Gretel knew exactly what the witch had in mind. "I don't know how," she said.
"Idiot, you idiot girl!" the witch ranted. "The door is wide enough, even I can get inside!"
And to prove it she stuck her head right in.
Quick as lightning, Gretel pushed the rest of the witch into the burning oven. She shut and bolted the iron door and ran to Hansel shouting: "The witch is dead! The witch is dead! That's the end of the wicked witch!"

ाल पिंजड़े से चिड़िया की तरह बाहर कूद निकला।

m the cage like a bird in flight.



हैन्सेल और ग्रेटल ने एक दूसरे को गले लगा लिया। वे नाचने और गाने तथा खुशी के मारे दौड़ने लगे। घर के हर कोने में उन्हे मोती, पन्ने, रुबी तथा हर प्रकार के बहुमूल्य चीजों से भरे हुए सन्दूक मिले। हैन्सेल और ग्रेटल ने अपनी जेबों को भरपूर भर लिया।

ग्रेटल ने कहा "हमारे पास खूबसूरत खजाना है, पर इस वीराने जंगल से हम कैसे बाहर निकलें?"

"घबराओ मत, एक साथ हम अपना घर ढूंढ़ लेंगे।" हैन्सल ने कहा।

Hansel and Gretel hugged each other. They danced and sang and ran around with joy. In every corner they found treasure chests filled with pearls, emeralds, rubies and all kinds of worldly precious things. Hansel and Gretel filled their pockets to overflowing.

"We have wondrous treasures, but how do we escape from the wild wood?" sighed Gretel.

"Don't worry, together we will find our way home," said Hansel.

तीन घण्टे के बाद उन्हे पानी वाली एक जगह मिल गइ।
"हम पार नहीं कर सकते," हैन्सल ने कहा। "न नाव हैं, न पुल है, केवल साफ नीला पानी है।"
"देखो! छोटी लहरों के ऊपर, एक पूरी सफेद बतख़ तैर रही है," ग्रेटल ने कहा। "शायद वह हमारी सहायता कर सके।"
वे मिल कर गाने लगे: "छोटी बतख़ जिसके सफेद पंख हैं चमकीले, कृपया हमारी भी सुनले, पानी है गहरा, पानी है अपार, क्या तुम हम को ले जाओगे उस पार?"
बतख़ उनकी ओर तैर कर आइ और पहले हैन्सल को और फिर ग्रेटल को पानी के उस पार सुरक्षित पहुँचा गयी। उस पार उन्हे जानी पहचानी दुनिया मिली।

[illegible] three hours they came upon a stretch of water.
[illegible] cross," said Hansel. "There's no boat, no bridge, just clear blue water."
[illegible] the ripples, a pure white duck is sailing," said Gretel. "Maybe she can help us."
[illegible] they sang: "Little duck whose white wings glisten, please listen.
[illegible] deep, the water is wide, could you carry us across to the other side?"
[illegible] swam towards them and carried first Hansel and then Gretel safely across the water.
[illegible] side they met a familiar world.

पग के बाद पग, उनको वापस लकड़हारे के घर तक का रास्ता उन्हे मिल गया।
"हम घर आ गए!" बच्चे चिल्लाये।
उनके पिता का खुशी का ठिकाना न रहा। "तुम लोगों के जाने के बाद मैने खुशी का एक पल भी नही गुजारा," वे बोले। "मैंने तुम्हे हर जगह खोजा..."

Step by step, they found their way back to the woodcutter's cottage.
"We're home!" the children shouted.
Their father beamed from ear to ear. "I haven't spent one happy moment since you've been gone," he said.
"I searched, everywhere..."

"और माँ?"
"वह चली गयी! जब कुछ भी खाने को न बचा वह गुस्से से यह कहती हुई चली गयी कि मैं उसे अब कभी नही देखूँगा। अब केवल हम तीन लोग हैं।"
"और हमारे बहुमूल्य रत्न," हैन्सल ने अपनी जेब में हाथ डालकर एक सफेद मोती दिखाते हुए कहा।
"अच्छा है," उनके पिता ने कहा, "लगता है हमारी सारी परेशानी का अन्त हो गया!"

"And Mother?"
"She's gone! When there was nothing left to eat she stormed out saying I would never see her again. Now there are just the three of us."
"And our precious gems," said Hansel as he slipped a hand into his pocket and produced a snow white pearl.
"Well," said their father, "it seems all our problems are at an end!"

+HI
E GRIMM

Grimm, Jacob, 1785-1863.
Hansel aur Gretel + Hansel
and Gretel
Walter Picture Books JUV
CIRC
08/09

First published in 2005 by Mantra Lingua
Global House, 303 Ballards Lane
London N12 8NP
www.mantralingua.com

Text copyright © Manju Gregory
Illustrations copyright © Jago
Dual language copyright © Mantra Lingua
All rights reserved

A CIP record for this book is available from the British Library.

alp



At a time of a great and terrible famine, Hansel and Gretel are abandoned in the woods by their parents. Lost and hungry, they find a magical house made of sweets and cakes. But when they take their first bite a strange woman with blood-red eyes invites them in...

Jago's stunning illustrations complement Manju Gregory's powerful retelling of this classic Grimm's fairy tale.

Hansel and Gretel is part of *Mantra's Folk Tales from Around the World*.

Hansel and Gretel is available in 31 dual language editions:
English with Albanian, Arabic, Bengali, Bulgarian, Chinese, Simplified Chinese, Farsi, French, German, Greek, Gujarati, Hindi, Irish, Italian, Japanese, Korean, Kurdish, Panjabi, Polish, Portuguese, Romanian, Russian, Somali, Spanish, Swahili, Tagalog, Tamil, Turkish, Urdu, Vietnamese or Yoruba.

Also available as an audio CD and an interactive CD Rom for the learning of English, French or Spanish.

Hindi & English
isbn 1 84444 761 8

UQ-678-124